प्रादेशिक समाचार

06.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन दो दिवसीय झारखंड दौरे पर पहुचे रांची, प्रबुद्धजन सम्मेलन में कहा – नक्सलवाद को खत्म करने के लिए ठोंक चुके हैं अंतिम कील।

2. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा चुनाव में पूर्व मंत्री रहे बैद्यनाथ राम को घोषित किया अपना प्रत्याशी।

3. राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में आयोजित "आदि वार्ता : ए ट्राइबल कॉन्क्लेव को किया संबोधित, कहा– जनजातीय जीवन–दर्शन जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ सतत विकास और पर्यावरण संतुलन का देता है संदेश ।

4. विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र महतो ने की अपील, कहा – मतदाताओं के अधिकार को लेकर राज्य में एस आई आर अभियान को बनाएं सफल।

5. जापान के काकामिगाहारा में भारत ने जीता अंडर–18 पुरूष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट, झारखंड के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति ने दागे तीन गोल।

*********************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन झारखंड के अपने दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रांची पहुंच चुके हैं। उन्होंने पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ आगामी रणनीतियों पर एक अहम सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रबुद्धजनों के इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए अंतिम कील ठोंक चुके हैं।

*********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा की एक सीट के लिए अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव और वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा चुनाव में बैद्यनाथ राम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बैद्यनाथ राम झारखंड सरकार में पहले मंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में बैद्यनाथ राम झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष हैं।

*********************

इधर, राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा ने आज झारखंड विधानसभा में निर्वाचन पदाधिकारी से अपना नामांकन पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में आयोजित "आदि वार्ता : ए ट्राइबल कॉन्क्लेव" को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनजातीय संस्कृति, सामुदायिक जीवन मूल्य और प्रकृति के साथ उसका गहरा संबंध राज्य की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि जनजातीय जीवन–दर्शन जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ सतत विकास और पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण संदेश देता है।

*********************

जामताड़ा जिले में एस आई आर के तहत विभिन्न राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों के द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के कुण्डहित प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जागरुकता शिविर में आज विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो शामिल हुए और मतदाताओं के अधिकार को लेकर राज्य में एस आई आर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम – एसआइआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक शिक्षिका और एक स्वास्थ्य सहिया के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, गम्हरिया ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को पत्र भेजा है। अंचल अधिकारी ने अपने पत्र में कहा है कि नियुक्त कर्मियों की ओर से दायित्वों का निर्वहन नहीं किए जाने से मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका है।

*********************

पाकुड़ जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआइआर कार्य पारदर्शी तरीके से करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रवींद्र नगर भवन में आयोजित शिविर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने एसआईआर के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और प्रपत्रों के बारे में विस्तार से बताया।

*********************

खूंटी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण किसान बागवानी को अपनी आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बना रहे हैं। एरेण्डा गांव के आसपास ग्रामीण किसान इन दिनों आम, तरबूज सहित अन्य कई फसलों का उत्पादन कर रहे हैं।

*********************

लोहरदगा के उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने आज जिला विद्युत समिति की बैठक में विभाग की दो प्रमुख योजनाओं – मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि पहुंच पथ वाले टोलों और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जुलाई माह तक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए और जहां पहुंच पथ उपलब्ध नहीं है, वहां विशेष प्रकार के पोल एवं अन्य तकनीकी विकल्पों के माध्यम से विद्युतीकरण कार्य किये जाएं। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

*********************

गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र में डुमरी गिरिडीह पथ पर पीपराडीह के ओवरब्रिज के समीप आज हुई एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतक पिता एवं पुत्र है जबकि एक किशोरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान बारिश और ओलावृष्टि के साथ वज्रपात की आशंका जतायी गयी है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए आम लोगों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान पेड़ों के आसपास न रहें और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

*********************

जामताड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भीषण गर्मी और जल संकट के कारण परेशान हैं। जिले के नारायणपुर प्रखंड के आदिवासी बहुत गांव चरकपानी के लोग डोभा का पानी पीने को विवश हैं।

*********************

जापान के काकामिगाहारा में भारत की अंडर–18 पुरूष टीम ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया है। फाइनल में आज भारत ने जापान को चार–एक से हराया। झारखंड के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति ने तीन गोल किए। कप्तान केतन कुशवाहा ने भी एक गोल किया।

*********************

बीसीसीआई ने इंग्लैंड और आयरलैंड के दौरों के लिए भारतीय टी 20 टीम की घोषणा की है। श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा को क्रमशः कप्तान और उप–कप्तान बनाया गया है। वैभव सूर्यवंशी और प्रिंस यादव को भी टीम में जगह मिली है। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पहली बार भारतीय सीनियर टीम में चुने गए हैं।

*********समाप्त********